विश्व की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय रेखाएँ और महत्वपूर्ण तथ्यों की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-worlds-main-international-boundaries

विश्व की प्रमुख महत्वपूर्ण सीमा अंतरराष्ट्रीय रेखाएँ: (Important International Boundary Lines in Hindi)

प्रत्येक देश अपने देश की सीमा की रक्षा करने के लिए एक निश्चित सीमा का निर्धारण करता है। इस सीमा को पार करना देश की सीमा में घुसपैठ माना जाता है। इन सीमाओं के निर्धारण का एक फायदा यह भी है कि देशों को यह बात पता होती है कि उन्हें कहां तक अपने राज्य की सीमा का विस्तार करना है। ऐसी ही कुछ प्रमुख सीमाओं का वर्णन इस लेख में किया गया है।

विश्व की मुख्य अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखाएं:

- **डूरंड रेखा (Durand Line):** अफ़ग़ानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर 2,640 किलोमीटर लम्बी सीमा रेखा को डूरंड रेखा कहते हैं। यह रेखा सन 1893 में ब्रिटिश इंडिया और अफ़ग़ान प्रतिनिधियों के बीच हई एक सहमती का नतीजा है। इस रेखा का नाम ब्रिटिश इंडिया के तत्कालीन विदेश मंत्री सर मॉर्टिमर डूरंड के नाम पर रखा गया था।
- **मैकमोहन रेखा (Macmahon Line):** 700 किमी. लम्बी इस रेखा को 1914 में सर मैकमोहन (ब्रिटेन) ने भारत-चीन सीमा के विवाद को सुलझाने के लिए तैयार किया था।
- **हिंडनबर्ग रेखा (Hindenburg Line):** यह रेखा जर्मनी और पोलैंड के मध्य स्थित है। प्रथम विश्व युद्ध के समय जर्मनी की सेना इसी रेखा से लौटी थी।
- **मैनरहीन रेखा (Mannerheim Line):** मैनरहीन रेखा रूस और फ़िनलैंड के बीच की रेखा है।
- **मैगीनाट रेखा (Maginot Line):** मैगीनाट रेखा फ्रांस द्वारा खिंची गयी जर्मनी और फ़्रांस के बीच की सीमा रेखा है। यह रेखा कंक्रीट, लोहा इत्यादि से मिलकर बनी है। इसका निर्माण 1929 से 1938 के बीच किया गया था।
- **17 वीं समानांतर रेखा (17th Parallel):** 17वीं समानांतर रेखा उत्तरी वियतनाम तथा दक्षिण वियतनाम के बीच स्थित थी। वियतनाम के एकीकरण के पहले यह देश को दो भागों में बांटती थी। अब यह रेखा नही है क्योंकि वियतनाम अब संयुक्त हो गया है।
- **20 वां समानांतर रेखा (20th Parallel):** 20 वां समानांतर रेखा लीबिया और सूडान बीच स्थित है। यह 20 वें उत्तरी अक्षांश पर स्थित है जिसका उपयोग सूडान और लीबिया के बीच सीमा के रूप में किया जाता है।
- **22 वां समानांतर रेखा (22nd Parallel):** 22 वां समानांतर रेखा मिस्र और सूडान बीच स्थित है। भूमध्य रेखा के उत्तर में 22 वां अक्षांश सूडान-मिस्र सीमा का एक बड़ा हिस्सा है।
- **24वीं समानांतर रेखा (24th Parallel):** 24वीं समानांतर रेखा रेखा भारत तथा पाकिस्तान के बीच कच्छ के पास स्थित है। पाकिस्तान के अनुसार यह रेखा भारत पाकिस्तान के बीच सीमा का निर्धारण करती है लेकिन भारत इस रेखा को स्वीकार नहीं करता है।
- **25 वां समानांतर रेखा (25nd Parallel):** 25 वां समानांतर रेखा मॉरिटानिया और माली बीच स्थित है। माली-मॉरिटानिया सीमा का सबसे उत्तरी भाग इस रेखा का उपयोग करके चिह्नित किया गया है।

- **31 वां समानांतर रेखा (31st Parallel):** 31 वां समानांतर रेखा **ईरान** और **इराक** बीच स्थित है। 31 वाँ उत्तरी अक्षांश **इराक** और **ईरान** के बीच की सीमा को चिह्नित करता है। यह अमेरिका के लुइसियाना और मिसिसिपी राज्यों के बीच की सीमा का भी सीमांकन करता है।
- **38वीं समानांतर रेखा (38th Parallel):** 38वीं समानांतर रेखा **उत्तर कोरिया** तथा **दक्षिण कोरिया** को दो भागों में बांटती है।
- **1410 पश्चिमी देशांतर रेखा:** 1410 पश्चिमी देशांतर रेखा अलास्का (USA) और **कनाडा** के बीच की सीमा रेखा है।
- **49वीं समानांतर रेखा (49th Parallel):** 49वीं समानांतर रेखा उत्तरी अमेरिका तथा कनाडा को दो भागों में बांटती है।
- **ओडरनीसे रेखा (Order-Neisse Line):** ओडरनीसे रेखा पूर्व जर्मनी तथा **पोलैंड** के बीच स्थित है और **द्वितीय विश्व युद्ध** के बाद निर्धारित की गई।
- **सिगफ्रीड रेखा (Seigfrid Line):** सीजफ्राइड रेखा **जर्मनी** तथा **फ्रांस** के बीच है और इसे जर्मनी ने बनाया है।

यह भी पढ़े: **विश्व के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठन और उनके मुख्यालयो की सूची**

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: मैकमोहन रेखा द्वारा अलग किए जाने वाले देश कौन हैं?

उत्तर: चीन और भारत *(Exam - SSC TA Nov, 2007)*
प्रश्न: रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा-रेखा है?

उत्तर: भारत और पाकिस्तान *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: अंतर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा के निकट महत्वपूर्ण देश कौन है?

उत्तर: न्यूजीलैंड *(Exam - SSC STENO G-D Mar, 1997)*
प्रश्न: किसी देश की जनता की आय के शततमक वितरण का वक्र रेखा द्वारा घिरा हुआ क्षेत्र एक अवधि में बढा हुआ दिखाई देता है, वह क्या इंगित करता है?

उत्तर: आय वितरण में असमानता काम हो रही है *(Exam - SSC SOC Nov, 1997)*
प्रश्न: उत्तरी और दक्षिणी कोरिया के बीच सीमा-रेखा का क्या नाम है?

उत्तर: अड़तीसवीं समांतर *(Exam - SSC SOC Dec, 2000)*
प्रश्न: रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा-रेखा है?

उत्तर: भारत और पाकिस्तान *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: 'रेडक्लिफ लाइन' किन देशों के बीच सीमा रेखा है?

उत्तर: भारत और पाकिस्तान *(Exam - SSC CPO Sep, 2003)*
प्रश्न: 'आइसोबार' रेखाएँ किन स्थानों को आपस में जोड़ती है?

उत्तर: बराबर दाब वाले *(Exam - SSC CPO Sep, 2004)*

प्रश्न: उन रेखाओं को क्या कहते हैं जो उन स्थानों पर मिलती है जहाॅ तड़ीत-झंझा आती है?

उत्तर: आइसोब्रोंट्स *(Exam - SSC LDC Aug, 2005)*
प्रश्न: 'आइसोनेफ' शब्द किस प्रकार की रेखाओं का घोतक है?

उत्तर: समान मेघमयता वाली *(Exam - SSC CHSL Nov, 2005)*

You just read: Vishv Ki Pramukh Antararaashtreey Rekhaen Aur Mahatvapoorn Tathyon Ki Suchi